तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

05 अतिसंवेदनशील इलाके से जुड़े विक्रम पांचवी...



05 एनएच 30 पर बेतरतीब पार्क ट्रक से बस टकराई व...



## युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पण्डरीपानी कांकेर निवासी 27 वर्षीय विवेक नाग ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक शेष पेज 02 पर

**कांकेर पुलिस ने छुपे नक्सलियों को समर्पण के लिए पहुँचाई है खबर**

# प्लाटून कंपनी 5 के समर्पण के बाद 100 से ज्यादा नक्सली जिले के पहाड़ों में छिपे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिला कांकेर में लगभग 150 नक्सली सक्रिय है, जिसमें लगभग 50 से 60 नक्सली जगदलपुर में दोपहर साढ़े 12 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने आत्मसमर्पण करेंगे, इसके अलावा माड़ डिवीजन एवं अन्य जिलों से भी समर्पण करने नक्सली पहुँच रहे है। कांकेर जिले के समर्पण करने वाले नक्सलियों में कंपनी नंबर 05 की लगभग पूरी टीम और रावघाट एरिया कमेटी के नक्सली शामिल है। इसके अलावा लगभग 100 ऐसे नक्सली है, जो कांकेर जिले के पहाड़ो में छिपे है, पुलिस इनको भी खबर पहुँचा रही है कि समर्पण के लिए सामने आ जाएं। जानकारी के अनुसार दो दिनों से सरेंडर करने के पहले सरेंडर की कहानी चल रही थी। पुलिस के उच्च अधिकारी इस पर कुछ बोलने को तैयार नहीं थे, वहीं नक्सलियों के मददगार जो सरेंडर में मददगार बने है, वो लगातार फोटो और वीडियो वायरल कर रहे है। केंद्रीय फोर्स ने भी बीती रात को साढ़े 9 बजे कुछ जानकारियां सोशल मीडिया में साझा किया, परंतु जिला एवं बस्तर संभाग के अधिकारियों ने सरेंडर के पहले कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हुए। कांकेर जिले के कंपनी नंबर 05 और रावघाट एरिया कमेटी के नक्सली को तीन बसों से 15 अक्टूबर की सुबह से दोपहर तक कामतेड़ा कैंप लाए शेष पेज 02 पर

■ केंद्रीय फोर्स ने भी बीती रात कुछ जानकारियां सोशल मीडिया में साझा की किया



### कंपनी नंबर 05 के सक्रिय नक्सली

कंपनी नंबर 05 में कमांडर राजू सलाम, फागू मड़ियाम, सीतो, मोनिका, जतिन, राजे, संगीता, कुमे, सुरेश, रंजीता, मोती, मनोज हेमला, सोमा, सुंदरी, लिंगे, देवे, कैलाश, लोकेश, निलेश, भीमा, दारसू शोरी, सुरेश, रीता मड़ियाम, लिंगू बेड़दा, किशोर, स्वरूपा, मोटू, शांति, रीता, संदीप, देवा, सोमारी, मंगली, जानकारी, बत्ती, मासा, विजो, रामबत्ती, रीना, जुगनू कवाची, रैजू सलाम, बसंती, चांदनी, जौगी, मंजू, कमला, प्रदीप, रनीता, बदरू, नागेश और रावघाट एरिया कमेटी मीना नेताम, नंदिनी उर्फ आगासा, रम्मो नुरेटी, मुकेश गावड़े है। इसमें कितने लोग समर्पण करेंगे, उसका खुलासा आज हो पाएगा।

## 90 हजार का गांजा समेत बाइक जब्त पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



बांदे पुलिस ने 16 अक्टूबर को दोपहर करीबन 1 बजें कार्यवाही करते हुए बीएसएफ कैंप के सामने मेन रोड नागलदण्ड के पास गांजा तस्करी करते हुए दो लोगो को पकड़ा और उनके कब्जे से 90 हजार रूपएं के गांजा को जप्त किया। बांदे पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि दो व्यक्ति एक काला रंग की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 जी 7984 में बैठकर एक जूट के बोरा में मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए पीव्ही 89 विवेकनगर से बांदे की ओर जाने के लिए निकले है। एक व्यक्ति मोटर सायकल चला रहा हैं, जो हल्का हरा रंग का फुल टी सर्ट व काला रंग का जींस पैंट और पीछे बैठा हुआ व्यक्ति मेहरून रंग का टी शर्ट एवं ग्रे रंग का लोवर पहना हुआ है। पुलिस कार्यवाही करने रवाना होकर बीएसएफ कैंप के सामने मेन रोड नागलदण्ड में पहुंचे एवं शेष पेज 02 पर




## पाऊरखेड़ा में 17-18 को होगी रामलीला

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पाऊरखेड़ा में आगामी 17 और 18 अक्टूबर को दो दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन ग्राम पंचायत एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारी जोरों पर चल रही है। आयोजन समिति ने बताया कि रामलीला में भगवान राम के जीवन, आदर्श और मर्यादा की झलकियाँ मंचित की जाएंगी। ग्रामीणों में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह का वातावरण है और आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।




**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज






## खबर संक्षेप



### स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय ने की टॉवन हाल मीटिंग

**कांकेर।** भारतीय स्टेट बैंक हमेशा से ही ग्राहक सेवा को अपना प्रथम उद्देश्य लेकर कार्य करता हैं। इसी तारतम्य में 14 अक्टूबर मंगलवार को सिटी सेंटर में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक संजय प्रसाद के द्वारा बैंक बचत योजना, बिजनेस लोन, होम लोन, पर्सनल लोन, कार लोन और विशेष रूप से ग्राहकों को साइबर फ्रॉड के बारे में सतर्क रहने के लिए जानकारी साझा की गई, ताकि सम्मानीय ग्राहकों के साथ कोई भी धोखा धड़ी ना हो। क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी सुधेश पाटिल के द्वारा विभिन्न प्रकार के बीमा की जानकारी, म्यूचअल फण्ड, आरोग्य बीमा, ग्रुप इन्सुरेंस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। मच संचालन भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के मानव संसाधन अधिकारी भास्कर मनमोहन के द्वारा किया गया, जिन्होंने बैंक के 218 वर्ष पूर्ण करने एवं वर्तमान में भी बैंक के द्वारा ग्राहकों के लिए किए जा रहे प्रयासो के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राजा देवनानी, कोठारी ब्रदर्स, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक रिषि कटियार, नागरिक, कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपिस्थत रहे।

### अमोडा में पदोन्नत एवं स्थानांतरित शिक्षकों को दी सह सम्मान विदाई



**कांकेर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमोडा में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह वरिष्ठ व्याख्याता नंद किशोर सोनी को प्राचार्य पद पर पदोन्नति, ऋतुराज साहू को छात्रावास अधीक्षक पद पर पदोन्नति तथा अनिता ध्रुव व्याख्याता के अन्यत्र स्थानांतरण पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से तीनों शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, उपहार एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय में किए गए शैक्षणिक, अनुशासनात्मक और सामाजिक योगदान की प्रशंसा की। नंद किशोर सोनी और ऋतुराज साहू ने विद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को साझा किया और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अमोडा विद्यालय में कार्य करना उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण अनुभव रहा, जिसने उन्हें पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से समृद्ध किया। प्राचार्य सन्नूराम नेताम ने पदोन्नत एवं स्थानांतरित शिक्षकों के समर्पण, निष्ठा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि अमोडा विद्यालय उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अमोडा की सरपंच हजारी राम गोटा, वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पा प्रजापति, निरंजना टेकाम, रामावतार शर्मा, जितेंद्र गायकवाड़, पीटीआई शरद यादव, शाला नायक टिकेश कुमार शोरी, छाया पटेल तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**स्वागत** :17 साल देश की सेवा और सेवानिवृत्ति के बाद गांव लौटे

# थल सेना के हवलदार राजकुमार का गृहग्राम में गाजे बाजे के साथ किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

ग्राम पंचायत कोदागाँव के आश्रित ग्राम कुहचे के निवासी राजकुमार दर्रो अठारह साल की उम्र में भारतीय थल सेना में शामिल होकर सत्रह साल देश की सेवा कर हवलदार राजकुमार दर्रो सेवानिवृत होकर अपने गृह ग्राम पहुँचे थे। ग्राम पंचायत कोदागाँव और शासकीय हायर सेकंड्री स्कूली परिवार और ग्रामवासियों ने भारतीय सेना के जवान का पुरे जोश और हर्षोल्लास के साथ उनका स्वागत हुआ सम्मान किया।

सबसे पहले कोदागाँव ग्राम के प्रवेश द्वार सीमा पर सभी लोग इक्कठा होकर बाजे गाजे व पारम्परिक नृत्य के साथ स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागत किया गया। बाजे गाजे में नाचते हुए भारत माता की जय व जय जवान जय किसान के नारो से पूरा गाँव गूंज उठा, नारो से पूरा माहौल देशभक्ति मय हो गया। बच्चों ने नाचते हुए सम्मान पूर्वक मंच में लेकर आए साथ में उनकी धर्म पत्नी भी थी। सभी गाँव वाले व स्कूली बच्चे व शिक्षकों के द्वारा फूल मालाओं से व उनके सम्मान में पुष्पवर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में थाना प्रभारी ने कहा की चाहे वह पुलिस हो य फौज में जाने की बात हो सपना सब का होता है, लेकिन उस वर्दी तक बहुत कम लोग पहुंचते है। भारतीय सेना में शामिल होने के लिए शारीरिक रूप से फिटनेस का होना बहुत जरूरी है और कड़ी मेहनत से सफलता हर फिल्ड में निश्चित है। कार्यक्रम में सरपंच सरिता नेगी, जनपद सदस्य ज्योति उइके व शाला समिति के अध्यक्ष बीरसिंह जैन, प्राचार्य बीरेंद्र पोरते, नन्द किशोर आड़े, गायता सुंदर सिंह उइके, प्राचार्य बीरेंद्र कुमार पोरते, सुधा उइके, योगिता महावीर, हेमंत अमरिया, श्रीराम नेगी, राजू दुगा, बलीराम उइके, शिशुपाल नेगी, प्यारे पोटाई, श्यामसिंह सलाम उपस्थित रहे।

### साइबर ठगी से सावधान किया



थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों व ग्रामवासियों को कानूनी जानकारी भी दिया और साइबर ठगी से सावधान रहने का सलाह और कोई भी सन्धिगद व्यक्ति य अन्य कोई भी जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सुचना देने का अपील किया। इस अवसर पर भारतीय सेना के जवान राजकुमार दर्रो ने सभी से बात करते हुए कहा मैंने अपने सेवाकाल में कई उतार चढ़ाव देखा, कई बार देश सेवा में मातृभूमि की रक्षा के लिए कई ऑपरेशन में शामिल हुआ और सफलता हासिल किया। उन्होंने बड़े भावुक मन से कहाँ की आप सब लोगों का प्यार और आशीर्वाद और हमारे पेन पुरखों का आशीर्वाद मेरे ऊपर रहा इसलिए आज मैं सही सलामत आपके बीच हूँ। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने बताया की ये पल ग्राम के लिए और अपने समाज सहित क्षेत्र के लिए गौरवान्वित करने वाला अवसर है। हम सबके लिए गौरव व ऐतिहासिक दिन है। ग्राम पंचायत कोदागाँव के सरपंच, उपसरपंच व समस्त वार्डपंच के तरफ से राजकुमार दर्रो को सम्मान करते हुए शाल भेंट कर उनका सम्मान किया गया साथ ही ग्रामवासी व स्कूल स्टाप भी शाल व प्रतिक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी का भी सम्मान किया गया।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने दी दबिश परखी 128 नमूनों की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में दीपावली त्यौहारी सीजन के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा विगत तीन दिनों में त्योहारों में अत्यधिक उपयोग होने वाली खाद्य सामग्रियों का परीक्षण कर जांच हेतु नमूने लिए गए।खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारतभूषण पटेल ने बताया कि जिले के भानुप्रतापपुर, चारामा एवं पखांजूर क्षेत्र में मिठाई, नमकीन, मावा, मैदा, तेल, घी जैसे खाद्य पदार्थों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 18 नमूने जांच के लिए एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। जैसे ही जांच रिपोर्ट प्राप्त होगी, नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त चलित खाद्य प्रयोगशाला मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन की सहायता से स्थानीय होटलों, रेस्टोरेंट्स, डेयरियों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं तथा किराना दुकानों से कुल 128 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और मौके पर ही उनकी प्रारंभिक जांच की गई। खासतौर पर अखबार में खाद्य सामग्री लपेटने वालों को सावधान किया गया और उनके उत्पादों में प्रयुक्त रंगों की भी विशेष जांच मौके पर की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि त्योहार के दौरान खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता और पैकिंग की विशेष जांच करें और किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना तत्काल विभाग को दें।

## सरदार वल्लभभाई पटेल के विचार व समर्पण को युवा वर्ग आत्मसात करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पर होगा यूनिटी मार्च

छत्तीसगढ़ में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती को जोरदार तरीके से मनाने को लेकर भाजपा मीडिया से रूबरू हुई और अपने कार्यकताओं के लिए कार्यशाला लगाकर जानकारी दिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में छग पर्यटन मण्डल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा किए गए कार्यो को युवा आत्मसात करेंगे। आयोजित कार्यशाला में युवाओं को जानकारी देते हुए नीलू शर्मा ने कहा कि इस अवसर पर पूरे देश भर में यूनिटी मार्च निकाली जाएगी, जो एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में होगा। इस यूनिटी मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत मिशन से जोड़ते हुए जनभागीदारी से राष्ट्रीय अभियान बनाया जाएगा। उन्होने कहा कि इस अभियान अंतर्गत स्थानीय सहभागिता से 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जिला स्तर पर पदयात्रा होगी जो 25 नवंबर को करमसद पहूंचेगी। एक दिन में पदयात्रा 8 से 10 किमी. तक चलेगी। इस पदयात्रा में युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जाएगा। इस यात्रा के दौरान यात्रा से पहले अलग-अलग कार्यक्रम स्कूल कॉलेज में होने वाले है एवं दूसरे चरण में चार क्षेत्र बनाए गए हैं। प्रत्येक जिले से पांच युवा उन चारों क्षेत्र में एकत्रित होंगे। हर एक क्षेत्र के युवा और सैनिक पांच पांच कर नागपुर में जुटेंगे। उसके बाद नागपुर में एकत्र होकर सरदार के जन्म स्थली जाएंगे एवं केवड़िया तक 150 किमी की यात्रा करेंगे। इस यात्रा के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की देश को अखंड भारत बनाने वाली भूमिका के बारे में बताया जाएगा। उनके योगदान को युवा आत्मसात करेंगे। इस अभियान के जरिए आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प के भाव को आत्मसाथ किया जाएगा। यह एक जन अभियान है व हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएंगे। इन सभी विषयों को सांसद ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया। आयोजित कार्यशाला एवं मीडिया से संवाद के दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक विक्रम उसेंडी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, छग मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, छग हस्त शिल्प कल्याण बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, हीरा मरकाम, निपेन्द्र पटेल, दीपक खटवानी, राधे लाल नाग, संजू साहू, नारायन साहा, देवेंद्र टेकाम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फोर्स ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का उपक्रम




स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक के अंतर्गत 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में फिट इंडिया फ्रीडम रन 6.0 का आयोजन किया गया। यह आयोजन वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम के नेतृत्व एवं उप कमांडेंट राजन राय के मार्गदर्शन में आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वाहिनी परिसर से हुआ, जहाँ उपस्थित सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने एकजुट होकर स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम ने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में पहला कदम है। एक स्वस्थ जवान ही राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा में अपनी सर्वोत्तम भूमिका निभा सकता है। दौड़ में वाहिनी के सभी कार्मिकों ने अत्यंत उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। पूरे परिसर में स्वच्छ रहो स्वस्थ रहो और फिट इंडिया, हिट इंडिया जैसे नारों से जोश और देशभक्ति का वातावरण गूंज उठा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल कर्मियों में शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक सशक्तता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि स्वच्छता को भी दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश देना था। अभियान के तहत वाहिनी परिसर में स्वच्छता अभियान, प्लॉग रन तथा फिटनेस परामर्श सत्र जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। अंत में वाहिनी कमांडेंट ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। यह दौड़ स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एक सशक्त पहल रही।




### युवक ने फांसी...

ने आत्महत्या किस वजह से किया यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पण्डरीपानी निवासी 61 वर्षीय रामजी नाग ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 15 अक्टूबर को शाम 5 बजें घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्लाटून कंपनी पांच...

जाने का वीडियो सोशल मीडिया में दोपहर बाद से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल करने वाला नक्सलियों का मददगार है, जो अब समर्पण करवाने के लिए सामने आया है। नक्सलियों का जो मददगार वीडियो वायरल किया है, उसने लगभग 10 साल से नक्सलियों की हर तरह से मदद किया है। नक्सलियों का मददगार अब समर्पण करवाने जंगल जंगल घूम रहा है। कांकेर जिले से कंपनी नंबर 05, रावघाट एरिया कमेटी और अन्य कमेटी के लगभग 50 से 60 नक्सली सरैंडर कर सकते है। इसके बाद कांकेर में कम से कम लगभग 100 नक्सली अभी भी कांकेर के जंगल में छिपे है।

पेज 03 के शेष...

### 90 हजार का...

मुखबिर के बताए अनुसार हुलिया एवं मोटर सायकल की आने का इंतजार कर रहे थे। एक काला रंग का मोटर सायकल में दो व्यक्ति बैठकर व एक बोरा लेकर आते दिखने पर मोटर सायकल को घेराबंदी कर उनको रूकवाया। मौके से चालक व पीछे बैठे एक व्यक्ति जुट की बोरा को रखकर भागने कि कोशिश किया, जिसे पकड़ा गया। मोटर सायकल में क्रमांक सीजी 07 जी 7984 लिखा हुआ था। मोटर सायकल के चालक को पुछताछ करने पर घबरा गया। मौके से 31 वर्षीय अनूप गोलदार पिता अर्जुन गोलदार और पीव्ही 89 विवेकनगर निवासी 62 वर्षीय रमेन सरकार पिता स्व. भजोहरि सरकार को पकड़ा गया। रमेन सरकार पिता स्व. भजोहरि सरकार के पास से एक जुट की बोरा के अन्दर गांजा जैसा वनस्पतिक पदार्थ पाया गया, जो मोटर सायकल के चालक अनुप गोलदार का होना, जिसे दोनो मिलकर बेचने के लिए जा रहें थे। जप्त गांजा बोरा सहित कुल वजन 5.330 किलो ग्राम व गांजा का वजन 4.770 किलो ग्राम जिसकी अनुमानित किमत 90 हजार रूपएं एवं परिवहन में प्रयुक्त एक नग काला रंग का मोटर सायकल कीमती 20 हजार रूपएं को जप्त कर धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




### दुर्गूकोंदल साहू समाज संघ के अरूण बने तहसील अध्यक्ष



**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 33/61 के निर्देशन में तहसील साहू समाज दुर्गुकोंदल का चुनाव निर्विरोध और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस निर्वाचन की प्रक्रिया पर्यवेक्षक धन्नू राम साहू, शिवलाल साहू, दर्शन साहू, प्रकाश साहू एवं रिखीराम साहू की देखरेख में आयोजित की गई। निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से अरुण कुमार साहू को तहसील अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष देवीलाल साहू एवं श्यामा साहू, संगठन सचिव चुम्मन लाल साहू व सुहाता साहू, कोषाध्यक्ष कौशल साहू तथा सचिव सोनाराम साहू को चुना गया।




## खबर संक्षेप

### जहर खाए युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। कोरर थानांतर्गत तेलावट निवासी 35 वर्षीय सुरेंद्र मंडावी ने 14 अक्टूबर को शाम 6 बजें जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। तेलावट निवासी सुरेश मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चिहारीपारा में 22 को होगी डांस प्रतियोगिता

सरोना। जिले के सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम चिहारीपारा में 22 अक्टूबर बुधवार की शाम नृत्य और संस्कृति का एक अनोखा संगम देखने को मिलेगा। ग्राम के युवाओं द्वारा आयोजित गौरी गौरा राज्य स्तरीय संस्कृति एवं डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन शाम 7 बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों के पहुंचने की संभावना है। प्रतियोगिता तीन स्तर सामूहिक नृत्य श्रेणी, युगल नृत्य श्रेणी और एकल नृत्य श्रेणी में होगी।

### डूबने से मौत के मामले में आर्थिक सहायता स्वीकृत

कांकेर। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कांकेर अंतर्गत एमजी वार्ड निवासी 03 वर्षीय हिमांशु बाल्मिकी की नदी मे डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता शेखर और आभा को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

## सियासत : जन्मदिन पर पेरोण्डी और बेचाघाट पुल को कराया स्वीकृत

# अतिसंवेदनशील इलाके से जुड़े विक्रम पाँचवीं बार के विधायक जनता से करते हैं सीधे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनता का विश्वास किसी नेता के लिए सबसे बड़ा सम्मान होता है। यही विश्वास तब और गहरा हो जाता है जब जनता लगातार पाँच बार एक ही व्यक्ति को अपने प्रतिनिधि के रूप में चुनती है। पाँचवी बार विधायक बनने वाले विक्रम उसेंडी ने यह साबित किया है कि जनसेवा, सरलता और ईमानदार कार्यशैली ही सच्चे नेतृत्व की पहचान है। विक्रम उसेंडी ने क्षेत्र की जनता के जन्मदिन के अवसर पर बेचाघाट पुल के लिए लाख और पोरोण्डी पुल के लिए 9 लाख की स्वीकृति भी दिलाया है।


विधायक ने जन्मदिन पर जनता के लिए पुल कराया स्वीकृत

विधायक विक्रम उसेंडी का राजनीतिक सफर साधारण नहीं, बल्कि संघर्षों से भरा हुआ रहा है। शिक्षक से विधायक, सांसद, दो बार मंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद भी सदैव जनता के बीच रहकर काम करते आ रहे है। अंतागढ़ विधानसभा के गाँव-गाँव में लोग उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानते हैं, चाहे कोयलीबेड़ा का दूरस्थ ग्राम हो या बांदे का अंतिम गांव हो, उनका वहाँ पहुँचना किसी पर्व जैसा माना जाता है। उनका जनसंपर्क उन्हें हर वर्ग का प्रिय बना देता है। क्षेत्र के किसान, महिला, युवा या व्यापारी सभी उन्हें एक भरोसेमंद नेता के रूप में देखते हैं। पिछले वर्षों में अंतागढ़ विधानसभा ने विकास की जो रफ्तार देखी है, उसमें विक्रम उसेंडी की भूमिका केंद्रीय रही है। क्षेत्र की सड़कें, पुल-पुलिया, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, सिंचाई योजनाएँ और वन उत्पाद आधारित रोजगार ने गाँवों का चेहरा बदल दिया है। कोयलीबेड़ा से अंतागढ़ मार्ग का चौड़ीकरण, कोयलीबेड़ा से परतापुर मार्ग, अंतागढ़ से आमाबेड़ा मार्ग विक्रम उसेंडी की देन है, अब यह सब विकास के प्रतीक बन चुके हैं। राजनीति में विक्रम उसेंडी की सबसे बड़ी ताकत उनकी जनसंवाद शैली है। वे किसी भी कार्यक्रम में मंच से कम और जनता के बीच ज़्यादा दिखाई देते हैं। किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए वे खेतों तक पहुँचते हैं, युवाओं से संवाद के लिए कॉलेजों में जाते हैं, और वृद्धजनों की सहायता के लिए सामाजिक शिविरों में समय देते हैं।

### मंत्री, सांसद, प्रदेशाध्यक्ष रहे पर कार्यशैली नहीं बदली



कापसी के अजय बाछाड़ का कहना है कि विक्रम उसेंडी को हम लोग तब से देख रहे है, जब वे शिक्षक हुआ करते थे। शिक्षक से विधायक, मंत्री, सांसद, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने, परंतु उनकी कार्यशैली में कभी भी बदलाव देखने को नहीं मिला। उनकी कार्यशैली एक जैसी सदैव बनी रही, कभी भी परिवर्तन देखने को नहीं मिला। सरल व सादगी का चोला उनके साथ बना हुआ है, इसीलिए वे जनता के हित में जो भी काम होता है, उसे करने के लिए सदैव तत्पर बने रहते है, यही उनकी प्रदेश व क्षेत्र में पहचान है।

### महिलाओं के सशक्तिकरण में अग्रणी



विधायक विक्रम उसेंडी ने महिलाओं के आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दिया है। बिहान योजनाओं के माध्यम से स्वयं सहायता समूह को सशक्त किया गया है और विभिन्न गतिविधियों से भी जोड़ा है। सिकसोड़ सरपंच दुजेश्वरी गावड़े बताती हैं कि पहले महिलाएँ घर तक सीमित थीं, अब विधायक विक्रम के प्रयासों से हम अपने पैरों पर खड़े हो गए हैं। सदैव हर क्षेत्र में महिलाओं का आगे लाने के लिए हौसला अफजाई करते रहते है।

### सरलता और सुलभता है उनकी पहचान



राजनीतिक जीवन में लंबे अनुभव के बावजूद विक्रम उसेंडी की विनम्रता आज भी वैसी ही है। लोग बताते हैं कि वे किसी भी आयोजन में बिना प्रोटोकॉल के पहुँच जाते हैं, लोगों से हाथ मिलाते हैं, और उनके घर में बैठकर चाय पी लेते हैं। टेमरूपानी के महेश उइके कहते है कि आज के समय में जहाँ नेता जनता से दूर होते जा रहे हैं, वहीं विक्रम उसेंडी जैसे नेता आमजन से जुड़े हैं। यही कारण है कि पाँचवीं बार जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि बनने में सफल रहे।

# एनएच 30 पर बेतरतीब पार्क ट्रक से बस टकराई व कई सवारियां घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कृषि महाविद्यालय के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक से यात्री बस 16 अक्टूबर की सुबह टकरा गई, जिससे बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। बस चालक को चोट अधिक आने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। यात्री बस में सवार युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के करेली निवासी 30 वर्षीय ऋषभ कुमार साहू पिता मस्ते राम साहू ने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर की रात साढ़े 12 बजें जगदलुपर से सवारी बस क्रमांक सीजी 04 पीडी 9799 में सवार होकर रायपुर के लिए निकला था। बस सुबह करीबन 4 बजे कृषि महाविद्यालय कांकेर के पास पहुंची थी कि उसी समय सामने से आ रही ट्रक की लाईट अधिक तेज होने के कारण चालक चकरा गया और राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बिना इंडीकेटर की खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9863 से टकरा गई। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खराब हालत में खड़ी ट्रक पर किसी भी तरह का संकेतक भी नहीं लगा हुआ था। हादसा हो जाने के उपरांत बस की सवारी में अपरातफरी मच गई। सवारी बस से उतरकर जान बचाई और खबर मिलते ही आधा घंटा में यातायात प्रभारी दीपक साव भी पहुँच गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया और सवारियों को जगदलपुर से रायपुर के लिए आने वाली दूसरी बस में शिफट करके भेजा गया। बस के टकराने से कई सवारियों को चोट आई है और मेरे कमर में भी चोट आई है। चालक के पैर में कई फ्रेक्चर हो जाने के कारण जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने रायपुर के लिए रिफर कर दिया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9863 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।




जीवेत शरदः शतम्
17 अक्टूबर
आप चिरायु हो, शतायु हो
हर दिल अजीज, धैर्यशील, सर्वाधार, मार्गदर्शक, मिलनसारिता,
आपसी सामंजस्य के प्रति सजग, मृदुभाषी लक्ष्य के पारखी हर एक की
उम्मीदों पर खरें उतरने वाले
माननीय विक्रम उसेंडी जी
को जन्मदिन की अशेष शुभकामनाएं...
सुनील जैन
लच्छूराम गावड़े
मंडल अध्यक्ष कोयलीबेड़ा
विनीत :- भारतीय जनता पार्टी मंडल कोयलीबेड़ा के समस्त कार्यकर्ता